# कमर्शियल एलपीजी 50 प्रतिशत तक बढ़ा

## पेट्रोलियम मंत्रालय ने कहा- अब तक 642 पर एफआईआर, 155 गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 24 मार्च. पेट्रोलियम मंत्रालय ने मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर जानकारी दी कि देशभर में सिलेंडर और ईंधन की कालाबाजारी रोकने के लिए सोमवार को लगभग 3400 जगहों पर छापेमारी की गई.**

इस दौरान लगभग 1,000 एलपीजी सिलेंडर सीज किए गए और 642 लोगों के खिलाफ FIR दर्ज की गई. इनमें से 155 लोगों को गिरफ्तार भी किया गया है. मंत्रालय ने स्पष्ट किया कि पेट्रोल पंपों और एलपीजी सिलेंडरों की आपूर्ति पर्याप्त है और देश में किसी तरह की ईंधन की कमी नहीं है. लोगों से अपील की गई कि वे



पैनिक न हों. मौजूदा समय में कॉमर्शियल एलपीजी का आवंटन 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है.

मंत्रालय ने कहा कि सिलेंडर और ईंधन की कालाबाजारी पर रेड जारी है और सभी राज्यों में सख्ती से निगरानी की जा रही है.

शर्मा ने कहा कि देश में 1 लाख से ज्यादा पेट्रोल पंप हैं और ज्यादातर सामान्य रूप से काम कर रहे हैं, जहां पेट्रोल और डीजल का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है. मार्च के पहले तीन हफ्तों में 3.5 लाख से ज्यादा घरेलू और व्यावसायिक पीएनजी कनेक्शन दिए गए हैं. ऑयल मार्केटिंग कंपनियों के अनुसार, किसी भी पेट्रोल पंप पर ईंधन की कमी नहीं है और सप्लाई नियमित रूप से जारी है.

### सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार निगरानी

मंत्रालय ने कहा कि सिलेंडरों की कालाबाजारी रोकने के लिए लगातार निगरानी और रेड जारी रहेगी. इसके अलावा, मंत्रालय ने बताया कि मौजूदा समय में कॉमर्शियल एलपीजी आवंटन 50 प्रतिशत तक बढ़ा दिया गया है. यह कदम उद्योग और व्यापार में ईंधन की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करने के लिए उठाया गया है. मंत्रालय ने सभी राज्यों और संबंधित विभागों से निर्देश दिया है कि वे इस कार्रवाई को तेज रखें और किसी भी तरह की कालाबाजारी को बर्दाश्त न करें. इस प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान मंत्रालय ने जनता से आग्रह किया कि वे अफवाहों पर विश्वास न करें और केवल आधिकारिक चैनलों से ही जानकारी प्राप्त करें. मंत्रालय ने यह भी कहा कि आगे भी समय-समय पर ऐसे अभियान जारी रहेंगे ताकि ईंधन और सिलेंडर की कालाबाजारी पूरी तरह समाप्त हो सके.

## टेक्सास में वलेरो एनर्जी रिफाइनरी में धमाका

**24 मार्च.** टेक्सास के पोर्ट आर्थर में वलेरो एनर्जी की प्रमुख रिफाइनरी में सोमवार देर रात जोरदार धमाका हुआ, जिससे भयंकर आग लग गई।

रिफाइनरी के इंडस्ट्रियल हीटर में हुए इस विस्फोट के बाद साइट से काला और घना धुआँ उठता देखा गया। धमाके की गूंज पोर्ट आर्थर के साथ-साथ आसपास के क्षेत्रों जैसे ग्रोव्स और नीदरलैंड में भी महसूस की गई।

वलेरो एनर्जी की यह रिफाइनरी रोजाना 3,80,000 बैरल तेल प्रोसेस करने की क्षमता रखती है और अमेरिका के गल्फ कोस्ट रिफाइनिंग नेटवर्क का एक अहम हिस्सा है। इसलिए यहां कामकाज रुकने से क्षेत्रीय ईंधन आपूर्ति प्रभावित हो सकती है.

# किसानों की आय कई गुना बढ़ी : शिवराज

▸ लोकसभा में बोले—कुछ मामलों में आठ गुना तक इजाफा

**नई दिल्ली, 24 मार्च. लोकसभा में किसानों की आय को लेकर उठे सवालों के बीच केंद्र सरकार ने अपनी उपलब्धियों का जोरदार बचाव किया.**

शिवराज सिंह चौहान ने मंगलवार को दावा किया कि देश में किसानों की आय केवल दोगुनी ही नहीं, बल्कि कई मामलों में तीन से चार गुना तक बढ़ी है. सरकार की नीतियों, बेहतर सिंचाई व्यवस्था और बिजली आपूर्ति में सुधार ने किसानों की स्थिति को मजबूत किया है. प्रश्नकाल के दौरान दिए गए अपने जवाब में उन्होंने यह कहा कि कुछ किसानों की आय में तो आठ गुना तक वृद्धि दर्ज की गई है.



विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि पहले गांवों में बुनियादी सुविधाओं की भारी कमी थी, लेकिन अब हालात पूरी तरह बदल चुके हैं. चौहान ने विशेष रूप से मध्य प्रदेश का उदाहरण देते हुए बताया कि अब किसान एक के बजाय साल में तीन फसलें ले पा रहे हैं, जिससे उनकी आय में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है. लोकसभा में प्रश्नकाल के दौरान लोकसभा में किसानों की आय के मुद्दे पर चर्चा के दौरान केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सरकार की नीतियों और उपलब्धियों को विस्तार से रखा.

# माफिया मुक्त माहौल से बदली तस्वीर : योगी

## यूपी में एयर कनेक्टिविटी से निवेश तक बड़ा बदलाव

**लखनऊ, 24 मार्च. उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने मंगलवार को कहा कि प्रदेश ने बीते कुछ वर्षों में एयर कनेक्टिविटी, निवेश और कानून-व्यवस्था के क्षेत्र में अभूतपूर्व परिवर्तन देखा है.**

उन्होंने कहा कि एक समय ऐसा था जब प्रदेश में ढाई एयरपोर्ट ही संचालित माने जाते थे, जबकि आज उत्तर प्रदेश देश के सबसे तेजी से विकसित हो रहे एविएशन हब के रूप में उभर रहा है. लोकभवन में आयोजित निवेश मित्र सम्मेलन में उन्होने बताया कि पहले केवल लखनऊ और वाराणसी के एयरपोर्ट पूरी तरह सक्रिय थे, जबकि गोरखपुर और आगरा में सीमित और अनियमित उड़ानें संचालित



होती थीं. लेकिन वर्तमान में प्रदेश में 16 घरेलू और 4 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट संचालित हो रहे हैं. उन्होंने कहा कि इसके साथ ही जेवर में बन रहा नोएडा इंटरनेशनल एयरपोर्ट जल्द ही देश का सबसे बड़ा अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट बनने जा रहा है, जिसका उद्घाटन 28 मार्च को प्रधानमंत्री द्वारा प्रस्तावित है. उन्होंने कहा कि जेवर एयरपोर्ट को देश का सबसे बड़ा कार्गो और लॉजिस्टिक हब विकसित किया जा रहा है.

### योगी कैबिनेट में फेरबदल की तैयारी : राय

**लखनऊ.** उत्तर प्रदेश में आगामी विधानसभा चुनाव 2027 को ध्यान में रखते हुए योगी आदित्यनाथ सरकार के मंत्रिमंडल विस्तार की चर्चाएं तेज हो गई हैं. माना जा रहा है कि इस विस्तार में प्रतिनिधित्व से वंचित जिलों के विधायकों को मौका दिया जाएगा, साथ ही कई नए चेहरे पहली बार मंत्री बन सकते हैं. सूत्रों के मुताबिक, पश्चिमी उत्तर प्रदेश इस बार मंत्रिमंडल विस्तार के केंद्र में रहेगा. भाजपा संगठन और सरकार की रणनीति उन जिलों को प्रतिनिधित्व देने की है.

## यूको बैंक के दो अधिकारियों को धोखाधड़ी मामले में 5 साल की सजा

**नई दिल्ली.** अहमदाबाद की एक विशेष केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) अदालत ने बैंक धोखाधड़ी के दो अलग-अलग मामलों में यूको बैंक के अधिकारियों सहित चार व्यक्तियों को पांच साल के सश्रम कारावास की सजा के साथ ही उन पर कुल 1.33 करोड़ का जुर्माना लगाया है। अदालत ने पहले मामले में गांधीनगर के चिलोडा शाखा के यूको बैंक के तत्कालीन वरिष्ठ प्रबंधक मेदम भगवती प्रसाद और तत्कालीन सहायक प्रबंधक भास्कर रमेशचंद्र सोनी के साथ साबरकांठा के हेवन फाइव एंटरप्राइज के प्रोपराइटर जयेंद्रसिंह दह्याजी मकवाना को बैंक धोखाधड़ी के मामले में 5 साल के कारावास और कुल 1.33 करोड़ रुपये के जुर्माने की सजा सुनाई.

# पंजाब में हॉकी एशियन चैंपियनशिप गर्व की बात

▸ केजरीवाल ने पंजाब सरकार की मेहनत की सराहना की

**नई दिल्ली, 24 मार्च. आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पंजाब में आयोजित होने वाली हॉकी एशियन चैंपियनशिप को लेकर बधाई दी है.**

उन्होंने एक्स (पूर्व ट्विटर) पर पोस्ट साझा कर कहा कि यह उपलब्धि पंजाब और देश के खेल प्रेमियों के लिए गर्व की बात है। केजरीवाल ने पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान की कड़ी मेहनत की सराहना की और इसे पंजाब के उज्ज्वल भविष्य का संकेत बताया। उन्होंने कहा कि पंजाब अब खेल, शिक्षा और अन्य क्षेत्रों में अपनी प्रगति और



उपलब्धियों के माध्यम से एक नई पहचान बना रहा है। इस अवसर पर केजरीवाल ने पंजाबियों और हॉकी खिलाड़ियों को उनके योगदान और प्रयासों के लिए धन्यवाद भी दिया। केजरीवाल ने अपने पोस्ट में लिखा कि यह पहली बार है कि पंजाब में हॉकी एशियन चैंपियनशिप आयोजित होने जा रही है। इस उपलब्धि से न केवल खेल जगत में पंजाब का मान बढ़ा है, बल्कि यह राज्य की खेल संस्कृति और खिलाड़ियों की मेहनत का भी सम्मान है.

केजरीवाल ने कहा कि यह सफलता पंजाब सरकार और मुख्यमंत्री भगवंत मान के दूरदर्शी प्रयासों का परिणाम है, जिन्होंने खेलों के विकास और खिलाड़ियों को अवसर देने में विशेष ध्यान दिया। उन्होंने कहा कि पंजाब अब हर क्षेत्र में अपने उज्ज्वल भविष्य की ओर बढ़ रहा है और खेल इसका एक अहम हिस्सा है। हॉकी एशियन चैंपियनशिप का आयोजन युवाओं और खिलाड़ियों को प्रेरित करेगा और उन्हें अंतरराष्ट्रीय स्तर पर प्रदर्शन करने का मंच मिलेगा। केजरीवाल ने आगे कहा कि देश के खेल प्रेमियों के लिए यह गर्व की बात है कि पंजाब में ऐसा आयोजन हो रहा है.

### आज का इतिहास

- 1655 – शनि के सबसे बड़े उपग्रह टाइटन की खोज हुई.
- 1668 – अमेरिका में पहली बार घुड़दौड़ का आयोजन हुआ.
- 1807 – ब्रिटिश साम्राज्य से दास प्रथा का अंत।
- 1838– भारतीय राष्ट्रीय काँग्रेस के अध्यक्ष विलियम वेडरबर्न का जन्म.
- 1920 – स्वाधीनता सेनानी और गांधीवादी नेता उषा मेहता का जन्म.
- 1948 – बॉलीवुड के प्रसिद्ध अभिनेता फ़ारुख़ शेख़ का जन्म.
- 1965 – नागरिक अधिकारों के लिए संघर्षरत मार्टिन लूथर किंग जूनियर का चार दिवसीय मार्च संपन्न.

## विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति बढ़ाने की मांग

**नई दिल्ली.** रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (आठवले) के अध्यक्ष एवं सामाजिक न्याय और अधिकारिता राज्य मंत्री रामदास आठवले ने मंगलवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से भेंट कर अनुसूचित जाति और अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों के लिए छात्रवृत्ति बढ़ाने की मांग की। रिपब्लिकन पार्टी ने एक बयान में आठवले की प्रधानमंत्री से मुलाकात को शिष्टाचार भेंट बताया और कहा कि आठवले ने प्रधानमंत्री का विशेष आभार व्यक्त किया. पार्टी ने अनुसूचित जाति तथा अन्य पिछड़ा वर्ग के छात्रों के लिए छात्रवृत्ति बढ़ाने की भी मांग की और कहा कि इन वर्गों के युवाओं को शिक्षा तथा रोजगार के विशेष अवसर दिए जाने का मुद्दा उठाया.

# दिल्ली में 1.03 लाख करोड़ रूपए पेश हुआ बजट

▸ हरित बजट में सड़क, पानी, बिजली और विकास पर फोकस

**दिल्ली, 24 मार्च. दिल्ली की मुख्यमंत्री और वित्त मंत्री रेखा गुप्ता ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया. इसे उन्होंने 'हरित बजट' कहा और शहर में तेजी से हो रहे बदलाव और सतत विकास को इसका लक्ष्य बताया.**

बजट में बुनियादी ढांचे से लेकर रोजगार, जलापूर्ति, बिजली और औद्योगिक विकास तक कई महत्वपूर्ण प्रावधान शामिल हैं। मुख्यमंत्री ने बताया कि बजट में 74,000 करोड़ रुपये कर राजस्व का अनुमान लगाया गया है और एमसीडी के लिए 11,666 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। सड़क



और शहरी विकास के लिए अलग-अलग विभागों को 13,808 करोड़ रुपये आवंटित किए गए हैं। बिजली और जल आपूर्ति के लिए भी पर्याप्त प्रावधान किए गए हैं। इसके अलावा अग्निशमन ढांचे को मजबूत करने, धूल-मुक्त सड़कें बनाने और नजफगढ़ नाले जैसे महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट पर भी जोर दिया गया है। बजट में पहली बार गैर-अनुरूप (नॉन-कन्फॉर्मिंग) क्षेत्रों के विकास के लिए भी 160 करोड़ रुपये रखे गए हैं। रेखा गुप्ता ने कहा कि यह बजट न केवल शहर के इंफ्रास्ट्रक्चर को बेहतर बनाएगा, बल्कि रोजगार और जीवन स्तर को भी सुधारने में मदद करेगा। दिल्ली सरकार ने वित्त वर्ष 2026-27 के लिए 1,03,700 करोड़ रुपये का बजट पेश किया, जिसमें शहर की बुनियादी जरूरतों और विकास योजनाओं को प्राथमिकता दी गई है। मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता ने इसे 'हरित बजट' करार देते हुए कहा कि दिल्ली इस समय बदलाव के दौर से गुजर रही है और शहर के हर क्षेत्र में सुधार और विकास के लिए व्यापक निवेश किया जाएगा। बजट में 74,000 करोड़ रुपये कर राजस्व का अनुमान लगाया गया है.

## परमाणु हथियार रखने का फैसला सही : किम जोंग



**प्योंगयांग.** नॉर्थ कोरिया के सुप्रीम लीडर किम जोंग उन ने सोमवार को संसद में दिए अपने भाषण में देश के परमाणु हथियारों की अहमियत को दोहराया.सरकारी मीडिया के मुताबिक किम ने कहा कि अमेरिका और इजराइल द्वारा ईरान पर किए गए.

# दुनिया में वायु प्रदूषण का बढ़ता संकट

▸ प्रदूषित देशों की सूची में पाक पहले स्थान पर रहा

**नई दिल्ली. साल 2025 में दुनिया के सबसे प्रदूषित देशों की सूची में पाकिस्तान पहले स्थान पर रहा। स्विस एयर क्वालिटी मॉनिटरिंग कंपनी रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान में पीएम 2.5 का स्तर विश्व स्वास्थ्य संगठन द्वारा तय किए गए सुरक्षित मानक से 13 गुना तक अधिक पाया गया.**

पीएम 2.5 छोटे और खतरनाक कण होते हैं, जो सांस के माध्यम से शरीर में प्रवेश करके गंभीर स्वास्थ्य समस्याएँ पैदा कर सकते हैं. रिपोर्ट में 143 देशों और क्षेत्रों का विश्लेषण किया गया, जिसमें केवल 13 देश ही डब्लूएचओ के सुरक्षित स्तर पर खरे उतर सके। पाकिस्तान के बाद बांग्लादेश और ताजिकिस्तान क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। शहरों की बात करें तो लोधी सबसे प्रदूषित शहर बना, जहां पीएम 2.5 का औसत स्तर 112.5 माइक्रोग्राम प्रति क्यूबिक मीटर दर्ज किया गया। इस वैश्विक रिपोर्ट में यह भी सामने आया कि केवल 14 प्रतिशत शहर ही डब्लूएचओ के वायु गुणवत्ता मानकों पर खरे उतर पाए, जो पिछले वर्ष के 17 प्रतिशत से कम है। वहीं अमेरिका और यूरोप में कनाडा के जंगलों में लगी आग का असर भी महसूस किया गया.

# कमान फिर नीतीश के हाथ, निर्विरोध अध्यक्ष

## चौथी बार संभाली जिम्मेदारी, दिल्ली राजनीति पर नजर

**नई दिल्ली/पटना, 24 मार्च. बिहार की राजनीति में एक बार फिर बड़ा दिलचस्प मोड़ सामने आया है. नीतीश कुमार को जनता दल यूनाइटेड (जदयू) का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुन लिया गया है.**

नामांकन वापसी की समयसीमा खत्म होने के बाद उनके अलावा कोई अन्य उम्मीदवार मैदान में नहीं रहा, जिससे उनका निर्विरोध चुना जाना तय हो गया.

पार्टी के राष्ट्रीय सचिव मोहम्मद निसार के अनुसार, मंगलवार सुबह 11 बजे तक नामांकन वापसी की प्रक्रिया पूरी हुई, जिसके बाद केवल नीतीश कुमार का नाम ही शेष रहा. इसके साथ ही वे चौथी



बार जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष बन गए हैं. राजनीतिक विश्लेषकों का मानना है कि यह बदलाव केवल संगठनात्मक नहीं, बल्कि आने वाले समय में राष्ट्रीय राजनीति में उनकी भूमिका को भी मजबूत करेगा. खासकर दिल्ली की राजनीति में उनकी सक्रियता को लेकर अटकलें तेज हो गई हैं.

### नीतीश को पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष चुना गया

जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के भीतर नेतृत्व को लेकर चल रही अटकलों के बीच आखिरकार तस्वीर साफ हो गई है. नीतीश कुमार को एक बार फिर पार्टी का राष्ट्रीय अध्यक्ष निर्विरोध चुना गया है. यह उनका चौथा कार्यकाल होगा, जो पार्टी में उनके मजबूत नियंत्रण और प्रभाव को दर्शाता है. निर्वाचन प्रक्रिया के तहत नामांकन वापसी की अंतिम तिथि तक किसी अन्य उम्मीदवार का नामांकन नहीं बचा, जिससे उनका निर्विरोध निर्वाचन सुनिश्चित हो गया.

## मुठभेड़ के बाद वांछित लुटेरा गिरफ्तार

**नई दिल्ली.** दिल्ली में पुलिस पर हमला करने वाले एक वांछित लुटेरे को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मंगलवार को तड़के मध्य जिला की पुलिस टीम ने उसे आईपी एस्टेट इलाके में एमजी रोड के रोज गार्डन सर्विस रोड के पास गिरफ्तार किया। पुलिस के अनुसार, आरोपी की पहचान अजय उर्फ कलिया (34) के रूप में हुई है। वह उस्मानपुर के गौतमपुरी का रहने वाला है। अजय पर शास्त्री पार्क पुलिस स्टेशन में लगभग 85 लाख रुपये की बड़ी डकैती का मामला दर्ज था। पुलिस को संदेह था कि वह एक और अपराध की योजना बना रहा था। पुलिस ने बताया, सोमवार रात करीब 10 बजे मिली सूचना पर टीम ने मौके पर घात लगाकर छापा तैयार किया था.

# ईडी के अधिकारों की रक्षा कौन करेगा : सुको

## अदालत ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए

**नई दिल्ली, 24 मार्च. सुप्रीम कोर्ट ने पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य पुलिस को ईडी की कार्रवाई में बाधा डालने के आरोपों को लेकर कड़ी फटकार लगाई है.**

फिलहाल सुनवाई को अप्रैल तक के लिए स्थगित कर दिया गया है। ईडी ने आरोप लगाया कि जब वह मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामलों की जांच के तहत तृणमूल कांग्रेस के राजनीतिक सलाहकार संगठन आई-पैक के दफ्तर में तलाशी दे रही थी, तब मुख्यमंत्री ममता बनर्जी और राज्य पुलिस ने कार्रवाई में बाधा डाली। ईडी ने इसे कानून के शासन पर हमला बताया और मामले की स्वतंत्र जांच की मांग सुप्रीम कोर्ट में याचिका के जरिए की।

राज्य सरकार की ओर से वरिष्ठ वकीलों ने कहा कि ईडी की याचिका कानूनी रूप से स्वीकार्य नहीं है। उनका तर्क था कि कोई केंद्रीय एजेंसी सीधे राज्य सरकार के खिलाफ इस तरह की याचिका नहीं दायर कर सकती। उन्होंने कहा



कि इससे राज्यों के अधिकार कमजोर होंगे और संघीय ढांचे पर नकारात्मक असर पड़ेगा. सुपसॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि अगर जांच एजेंसियों को काम करने से रोका जाएगा, तो इसका असर पूरे सिस्टम पर पड़ेगा। सुनवाई के दौरान यह भी सवाल उठा कि मामला चुनाव से ठीक पहले क्यों लाया गया। अदालत ने कहा कि चुनावी प्रक्रिया प्रभावित नहीं होनी चाहिए. लेकिन गंभीर आरोपों को नजरअंदाज भी नहीं किया जा सकता। अदालत ने मंगलवार को सुनवाई पूरी करते हुए केस को अप्रैल तक स्थगित कर दिया.

**पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव**

### कांग्रेस जालुकबारी समेत दो अन्य कांग्रेस उम्मीदवारों का नामाकल रद्द

**गुवाहाटी, 24 मार्च. असम विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस पार्टी के तीन उम्मीदवारों का नामांकन खारिज कर दिया गया है। इनमें मुख्यमंत्री हिमंत बिस्व सरमा की सीट जालुकबारी भी शामिल है.**

चुनाव आयोग ने मंगलवार को इसकी जानकारी दी। अब तक कुल 18 नामांकन पत्र रद्द किए गए हैं, हालांकि जांच प्रक्रिया पूरी नहीं हुई है। चुनाव आयोग की वेबसाइट के अनुसार जिन उम्मीदवारों का नामांकन खारिज हुआ है, उनमें आनंद नराह (धकुआखाना), निर्मल लंगथासा (हाफलोंग) और बिदिशा नियोग (जालुकबारी) शामिल हैं। धकुआखाना सीट वर्तमान में बीजेपी के पूर्व मंत्री नबा कुमार डोले के कब्जे में है। हाफलोंग सीट के लिए कांग्रेस से नंदिता गार्लोसा की उम्मीदवारी स्वीकार की गई है। नंदिता हाल ही में विपक्षी दल में शामिल हुई हैं और उन्होंने तुरंत अपना नामांकन दाखिल किया। चुनाव आयोग ने नामांकन खारिज करने का कारण वेबसाइट पर साझा नहीं किया है। इसके अलावा, अन्य दलों के उम्मीदवारों का भी नामांकन खारिज हुआ है।

इसमें झारखंड मुक्ति मोर्चा (जेएमएम) और वोटर्स पार्टी इंटरनेशनल के तीन-तीन उम्मीदवार, एसयूसीआई (कम्युनिस्ट), अपनी जनता पार्टी के एक-एक उम्मीदवार और आठ स्वतंत्र उम्मीदवार शामिल हैं।

असम विधानसभा में 126 सीटें हैं और इस बार 815 से अधिक उम्मीदवारों ने कुल 1389 नामांकन पत्र दाखिल किए थे, जिसमें कुछ ने एक से अधिक सीटों पर नामांकन भरा.

## चुनावों में पारदर्शिता के लिए जारी किये निर्देश

**कोलकाता 24 मार्च.** पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों को हिंसा और खतरों से मुक्त बनाने के प्रयास के तहत राज्य सरकार ने सभी सरकारी विभागों और अधिकारियों के लिए निर्देशों का एक व्यापक सेट जारी किया है जिसमें स्पष्ट किया गया है कि किसी भी प्रकार की हिंसा या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नबन्ना स्थित राज्य सचिवालय की ओर से 22 मार्च को जारी अधिसूचना में चुनावों के दौरान पारदर्शिता और व्यवस्था बनाए रखने के लिए छह प्रमुख क्षेत्रों पर ध्यान केंद्रित करते हुए दिशानिर्देश जारी किए गए हैं। अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया है कि मताधिकार का प्रयोग करते समय किसी भी व्यक्ति को धमकाया या मजबूर न किया जाए। निर्देश में इस बात पर जोर दिया गया है कि चुनाव प्रलोभन मुक्त होने चाहिए, जिसमें पैसे या उपहारों के माध्यम से मतदाताओं को प्रभावित करने के किसी भी प्रयास को प्रतिबंधित किया गया है। राज्य सरकार ने स्पष्ट किया है कि किसी भी तरह के फर्जी मतदान, बूथ कैप्चरिंग या छप्पा वोटिंग के खिलाफ जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाई जाएगी। मतदान केंद्रों पर किसी भी गैर-कानूनी जमावड़े को रोकने के लिए भी कड़े कदम उठाए गए हैं। इसके अतिरिक्त, मतदाताओं की आवाजाही को प्रतिबंधित करने के किसी भी प्रयास (सोर्स जैमिंग) पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी.

### पलानीस्वामी बुधवार से चुनावी अभियान की शुरूआत करेंगे

**चेन्नई.** तमिलनाडु में मुख्य विपक्षी दल अखिल भारतीय अन्ना द्रविड़ मुनेत्र कषगम (अन्नाद्रमुक) ने मंगलवार को घोषणा की कि उसके महासचिव एडप्पादी के. पलानीस्वामी बुधवार से अपना चुनावी अभियान शुरू करेंगे। अन्नाद्रमुक ने मंगलवार को श्री पलानीस्वामी के पहले चरण के अभियान का कार्यक्रम जारी किया, जो एक अप्रैल तक की अवधि के लिए होगा.


वित्तीय सहायता ▸ यह धन पंचायत राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों को दिया गया है

# यूपी, बिहार समेत 4 राज्यों को 4,383 करोड़ की मदद

**नई दिल्ली, 24 मार्च. केंद्र सरकार ने ग्रामीण विकास को मजबूत करने के लिए बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और महाराष्ट्र के ग्रामीण निकायों को 4,383.98 करोड़ रुपये की वित्तीय सहायता जारी की है.**

जल शक्ति मंत्री सी आर पाटिल ने बताया कि यह फंड वित्त मंत्रालय द्वारा जारी किया जाता है, जबकि इसकी सिफारिश पंचायती राज मंत्रालय और जल शक्ति मंत्रालय करते हैं। यह राशि हर वित्तीय वर्ष में दो किस्तों में दी जाती है। यह राशि पंद्रहवें वित्त आयोग के तहत दी गई है। यह





धन पंचायत राज संस्थाओं और ग्रामीण स्थानीय निकायों को दिया गया है, जिससे गांवों में बुनियादी सुविधाओं और स्थानीय विकास कार्यों को बढ़ावा मिलेगा। उत्तर प्रदेश को सबसे ज्यादा 2,339.10 करोड़ रुपये मिले हैं, जबकि बिहार को 1,203.60 करोड़ रुपये, झारखंड को 412.69 करोड़ रुपये और महाराष्ट्र को विभिन्न किस्तों के तहत अलग-अलग राशि जारी की गई है। सरकार के अनुसार, यह राशि टाइड और अनटाइड ग्रांट के रूप में दी जाती है। टाइड ग्रांट का उपयोग साफ-सफाई, ओडीएफ (खुले में शौच मुक्त) स्थिति बनाए रखने, कचरा प्रबंधन और पीने के पानी जैसी जरूरी सेवाओं के लिए किया जाएगा। वहीं, अनटाइड ग्रांट का इस्तेमाल पंचायतें अपनी स्थानीय जरूरतों के अनुसार विकास कार्यों में कर सकती हैं, लेकिन इसका उपयोग वेतन या प्रशासनिक खर्चों के लिए नहीं किया जा सकता.